सेवा में,

श्रीमान अधिशासी अभियन्ता महोदय
कुण्डा, प्रतापगढ़

- विषय- आप के द्वारा विभागीय राजस्व वसूली के कार्य में कमी न किए जाने के सन्दर्भ में.

महोदय- आप को अवगत कराना है कि मैं अशोक कुमार गुप्ता लाईनमैन 33/11 सब स्टेशन बाघराय अधोहस्ताक्षरी के निर्देशन के दौरान में फील्ड में जनसम्पर्क में लगा था लेकिन दुर्भाग्य वश कलेक्शन कम हो पाया मेरे द्वारा पूरे मनोयोग से प्रयास किया गया उसके दूसरे दिन से आप के दिये गये लक्ष्य को पूरा करने में पूरा सहयोग किया गया जिसका एमाउन्ट आप के संज्ञान में है।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि मेरे द्वारा विभागीय कार्य व राजस्व वसूली के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य में नहीं होगी

आप के निर्देशों का पालन होगा/

प्रार्थी
अशोक कुमार

अशोक कुमार गुप्ता (लाईनमैन)
S/O स्व० सेठ गुप्ता
33/11 सब स्टेशन बाघराय
मो० 885390 2877

प्रतिलिपि- विभागीय राजस्व कार्य योगदान सूची
- उपखण्ड अधिकारी बिहार के पत्रांक-दिनांक

1- 29-03-24
2- 30-03-24
3- 31-03-24

forward To SDO Bihar
JE Baghrai

Forwarded to Exen Sir
09/04/2024
SDO

[illegible]
09/04/2024 EE EDD

Scanned with OKEN Scanner

पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय कुण्डा, प्रतापगढ़
पद्मा आरोग्य निकेतन, पुराना बस स्टेशन रोड कुण्डा, प्रतापगढ़, उ0प्र0, पिन–230204
E Mail ID eddii pra@yahoo.com, Mob. No – 9450963894

पत्रांक – /वि0वि0खं0द्वि0कु0प्रता0/ दिनाक:–

विषय :– आप द्वारा विभागीय राजस्व वसूली के कार्यों में कोई रूचि न लिए जाने के सम्बन्ध में।

श्री अशोक कुमार गुप्ता लाइनमैन,
मेसर्स ग्लोबटेक क्रियेशन प्रा0लि0
अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र
बाघराय, प्रतापगढ़।

उपरोक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि माह मार्च, 2024 में खण्ड के निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्य 10.98 के सापेक्ष शतप्रतिशत वसूली किये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा फीडरवार प्रति लाइनमैन को रू0 50000.00 की प्रतिदिन राजस्व वसूली किये जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 29.03.2024 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत उपकेन्द्र बाघराय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त विद्युत उपकेन्द्र के परिचालक के मोबाइल नं0 से दूरभाष पर आपसे समय लगभग 02:00 बजे वार्ता की गयी। वार्ता के दौरान आपसे राजस्व वसूली के बारे में अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूछा गया। आप द्वारा 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि 03 लोगों को कैश काउण्टर पर कैश जमा करने के लिए भेजा गया है। समय 02:00 बजे तक आप द्वारा केवल 03 उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली के सम्बन्ध में वार्ता किया जाना अधोहस्ताक्षरी के समझ से परे है। वर्तमान में आप स्वयं भी अवगत है कि माह मार्च, 2024 जो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तिम माह का अन्तिम सप्ताह प्रगति पर है, जिसमें राजस्व सम्बन्धी कार्यों में रूचि न लेना आपके कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही का द्योतक है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपको सचेत करते हुए पुनः निर्देशित किया जाता है कि माह मार्च, 2024 के शेष दिवसों में अपनी कार्यशैली में सुधार लाते हुए पूर्ण मनोयोग से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित किये गये राजस्व वसूली लक्ष्य (रू0 50000.00/प्रति लाइनमैन) की प्रतिदिन शतप्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित करें, अन्यथा कि स्थिति में माह मार्च, 2024 के उपरान्त आपकी निविदा सम्बन्धी सेवा पर विचार करते हुए आपकी निविदा सेवा समाप्त किये जाने सम्बन्धी अग्रेतर कार्यवाही करना अधोहस्ताक्षरी की बाध्यता होगी।

निगमीय हित में प्रेषित।

(संदीप कुमार मौर्या)
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांक– /वि0वि0खं0द्वि0कु0प्रता0/ दिनांक:– 29/03/2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. मुख्य अभियन्ता (वितरण), प्रयागराज क्षेत्र द्वितीय, प्रयागराज।
2. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल प्रतापगढ़।
3. उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड बिहार प्रतापगढ़, को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि निविदा लाइनमैनों द्वारा प्रतिदिन किये गये राजस्व की प्राप्ति की समीक्षा सुनिश्चित करते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
4. सम्बन्धित अवर अभियन्ता, को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि निविदा लाइनमैनों द्वारा प्रतिदिन किये गये राजस्व की प्राप्ति की समीक्षा सुनिश्चित करते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
5. मेसर्स ग्लोबटेक क्रियेशन प्रा0लि0, को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि खण्ड के अन्तर्गत लाइनमैनों को निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्य की शतप्रतिशत प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशानिर्देश देना सुनिश्चित करें।
6. अधिष्ठान कट फाइल।

(संदीप कुमार मौर्या)
अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner